## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला 11 नवंबर को

**मण्डला।** प्राचार्य शासकीय आईटीआई ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडला में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला/जॉब फेयर का आयोजन 11 नवंबर 2024 प्रातः 10 बजे से किया जा रहा है। वीई कमर्शियल पीथमपुर, वीई कमर्शियल भोपाल, एलएनटी अहमदाबाद, कपारो देवास आमधन ई, ब्रीम एम्प्लॉयमेंट एंड एम्पावरमेंट डेवलपमेंट भीवाडी राजस्थान एवं स्थानीय कंपनिया एवं कुल पदों की संख्या लगभग 300 है। शैक्षिक योग्यता में 10वी, 12वी, स्नातक, आईटीआई, (सभी ट्रेड) उत्तीर्ण पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते हैं। आयु 18 से 26 वर्ष तथा स्टाइपेण्ड दस हजार रु से 16 हजार रु. प्रतिमाह स्टाइपेन्ड एवं अन्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। मेले में भाग लेने के लिए आयोजन के दिन उक्त स्थान पर अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा सहित साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। अप्रेन्टिसशिप हेतु भर्ती, अप्रेन्टिसशिप नियमों एवं कंपनियों के शर्तों अनुसार की जाएगी।

### कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर कमिश्नर का स्वागत किया

**मण्डला।** कमिश्नर जबलपुर संभाग अभय वर्मा के मंडला आगमन पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने ग्राम कूड़ामैली में पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम निवास शाहिद खान, तहसीलदार सुश्री रैना तामिया सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## बीएलओ डोर-टू-डोर संपर्क कर त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करें-कमिश्नर

# निर्वाचक नामावली हेतु लगेंगे विशेष शिविर

*** संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




कमिश्नर जबलपुर संभाग श्री अभय वर्मा ने गुरूवार को जिला योजना भवन में फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्वाचन नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत पुनरीक्षण की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन के बाद दावे एवं आपत्ति दर्ज करने की अवधि 28 नवंबर तक होगी। इसके लिए विशेष कैम्प 9 नवंबर, 10 नवंबर, 16 नवंबर एवं 17 नवंबर को आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद प्राप्त दावे आपत्ति का निराकरण किया जाएगा। कमिश्नर जबलपुर संभाग श्री अभय वर्मा जिला योजना भवन में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि श्री जयदत्त झा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कलेक्टर आकिप खान, एसडीएम घुघरी श्री सीएल वर्मा, एसडीएम निवास शाहिद खान, एसडीएम नैनपुर श्री हुनेन्द्र घोरमारे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, निर्वाचन पर्यवेक्षक श्री सीके तिवारी, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि और पत्रकारगण मौजूद थे।

कमिश्नर श्री अभय वर्मा ने बताया कि निर्वाचन नामावली प्रारूप का प्रकाशन से ही दावे आपत्ति प्राप्त करने का कार्य प्रारंभ हो गया है। इस दौरान कोई भी पात्र नागरिक जिसका नाम मतदाता सूची में नहीं दर्ज है अपना नाम दर्ज कराने हेतु बीएलओ के पास आवेदन कर सकता है। कोई भी मतदाता नामावली या अपने ईपिक की किसी त्रुटि का सुधार हेतु फॉर्म-8 के माध्यम से आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए इस अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। बीएलओ डोर-टू-डोर संपर्क कर मतदाताओं के नाम जोड़ने की कार्यवाही करें। बीएलओ मतदान केन्द्र अंतर्गत चयनित बीएलए को आमंत्रित करें, जिससे त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के लिए उनका सहयोग लिया जा सके। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवों को निर्धारित समय सीमा में मृत मतदाताओं के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने हेतु निर्देशित करें। जिससे मतदाता सूची से मृत मतदाताओं के नाम समय पर काटे जा सकें। विवाह कर ससुराल आई नवविवाहित महिलाओं के नाम भी अनिवार्य रूप से जोड़े जाएं। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में बीएलओ का नाम, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक, रिटर्निंग ऑफिसर का नाम, मतदाताओं की संख्या अनिवार्य रूप से दर्ज करें।



कमिश्नर श्री अभय वर्मा ने कहा कि मतदान केन्द्रों का नियमित रूप से दुरूस्तीकरण/मरम्मत किया जाए। मतदान केन्द्रों में प्रकाश, लाईट, फर्नीचर, रैम्प, दरवाजे और खिड़कियां अनिवार्य रूप से होना चाहिए। मतदान केन्द्र में मतदाताओं के लिए प्रवेश और निकासी का द्वार अलग-अलग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र में बीएलओ नियमित रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि मतदान केन्द्रों में बीएलओ के साथ बीएलए भी उपस्थित रहे। जिससे पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ा जा सके और अपात्र मतदाताओं के नाम काटकर त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि बीएलओ निर्धारित समय में अपने मतदान केन्द्र में उपस्थित रहे और कार्य के दौरान अपना आईकार्ड जरूर लगाए।

कमिश्नर श्री अभय वर्मा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र बिछिया, निवास एवं मंडला के अंतर्गत मतदाता सूची में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के युवाओं के नाम जोड़े गए हैं। मतदाता सूची में पीडब्ल्यूडी मतदाता और 85 प्लस मतदाताओं के नाम भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन मतदाताओं को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार होम वोटिंग कराने की सुविधा दी जाती है। उन्होंने एनजीएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण की स्थिति के संबंध में भी जानकारी दी। विधानसभा क्षेत्र बिछिया, निवास और मंडला अंतर्गत नियुक्त बीएलओ, सुपरवाईजरों के बारे में भी जानकारी दी गई। विधानसभा क्षेत्रवार सर्विस वोटर्स और एनआरई वोटर्स के बारे में भी बताया गया। विधानसभा क्षेत्रवार जेंडर रेशियो और ईपी रेशियो के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कमिश्नर श्री अभय वर्मा ने महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न स्वीप गतिविधियों और 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्वीप गतिविधियों के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां संचालित कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए।

## भगवत प्राप्ति के लिए निश्चय और परिश्रम भी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति आवश्यक हैं। भगवत प्राप्ति के लिए निश्चय और परिश्रम भी जरूरी हैं। यह बात उपनगर महाराजपुर में रेल्वे स्टेशन के पास चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक पं. संतोष शास्त्री पदमी वाले ने कहा। 2 नवम्बर से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई गई। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत, भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है। वह भव पार हो जाता है। उसे वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती हैं। महाराज ने कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, उद्धव-गोपी संवाद, द्वारका की स्थापना, रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। उन्होंने कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि जीव परमात्मा का अंश हैं। बताया गया कि कार्तिक माह के अवसर पर चल रही श्रीमद् भागवत का कल पूजन, हवन, भण्डारा के साथ समापन होगा।

## आमाडोंगरी और खोड़ाखुर्द जी में उचित मूल्य दुकान के लिए आवेदन आमंत्रित

**मण्डला।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में विकासखण्ड बिछिया एवं घुघरी ग्राम पंचायतें जिनमें उचित मूल्य दुकानें पूर्व संचालक संस्थाओं के समर्पित करने के कारण रिक्त हैं। इन पंचायतों में दुकान खोलने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। उन्होंने बताया कि बिछिया विकासखंड के आमाडोंगरी और विकासखंड घुघरी के खोड़ाखुर्द में उचित मूल्य दुकान रिक्त हैं। उक्त दुकानों के लिए पात्र संस्थाएं ग्रामीण क्षेत्रों में उचित मूल्य दुकान का आवंटन प्राथमिक कृषि सहकारी समिति/आदिम जाति सेवा सहकारी समिति/वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति जो जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से संबंध हो, विपणन सहकारी समिति जो कि मध्यप्रदेश राज्य विपणन सहकारी संघ मर्यादित की सदस्य हो, संयुक्त वन प्रबंधन समिति, लघु वनोपज सहकारी समिति (दोनों में संयुक्त वन प्रबंधन समिति को प्राथमिकता दी जायेगी) तथा महिला स्व सहायता समूह, उक्त संस्थाओं का पंजीयन आवेदन दिनांक से एक वर्ष पूर्व का है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की वेबसाइट पर 20 नवंबर 2024 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

# दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष RYLA का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

रोटरी क्लब मण्डला मेकल द्वारा आयोजित विशेष रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड (RYLA) दिव्यांग बच्चों के लिए एक प्रेरणादायक और अद्वितीय आयोजन बन गया है। इस वर्ष यह आयोजन 16 और 17 नवंबर को कटरा के स्थानीय होटल में होने जा रहा है, जिसमें मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा से करीब 200 दिव्यांग बच्चे भाग लेंगे। आमतौर पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट्स द्वारा RYLA सामान्य बच्चों के लिए आयोजित किया जाता है, परंतु रोटरी क्लब मंडला मेकल ने विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए RYLA आयोजित कर एक मिसाल कायम की है। यह आयोजन पूरे रोटरी विश्व में केवल मंडला में होता है, जो क्लब की समर्पण भावना और समाज सेवा में उनके विशेष योगदान को दर्शाता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ 16 नवंबर को प्रातः 11 बजे किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रदेशों के रोटेरियंस और डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सहित प्रमुख अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति होगी। इस दो दिवसीय आयोजन में दिव्यांग बच्चों के लिए अनेक रोमांचक और आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। बच्चों की क्षमताओं और रुचियों को ध्यान में रखते हुए योगा, जुम्बा, ट्रेकिंग जैसी प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 16 नवंबर को रात्रि 7:30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विशेष आयोजन होगा, जिसमें बच्चे अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेंगे। 17 नवंबर की शाम को सभी बच्चों को कान्हा नेशनल पार्क का भ्रमण कराकर इस विशेष अनुभव का आनंद दिलाया जाएगा।




रोटरी क्लब मंडला मेकल के सदस्यों ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की और सभी ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया है। बैठक में संजय तिवारी, गीता काल्पीवार,प्रसन्न सराफ, मुकेश जैन, अविनाश गोयल, अजय खोत, इंद्रेश खरया,राजा शुक्ला, डॉ. उपेंद्र शुक्ला, साधना दुबे, अनिता गोयल, दिलीप तिवारी, राजेश अग्रवाल और सुरेश चौधरी उपस्थित रहे।

इस आयोजन में जबलपुर स्कूल के जनरल सेक्रेटरी बलदीप सिंह मैनी ने भी 100 बच्चों के साथ भाग लेने का निर्णय लिया है, जिसे स्कूल के समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। वहीं, जस्टिस तनखा मेमोरियल रोटरी स्कूल मंडला के बच्चे भी इस आयोजन को लेकर उत्साहित हैं।

इस विशेष RYLA आयोजन में बच्चों को मनोरंजन और प्रेरणा के साथ उनकी क्षमताओं को निखारने का अवसर मिलेगा, जिससे वे अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा प्राप्त करेंगे। रोटरी क्लब मण्डला मेकल का यह प्रयास समाज में एक सकारात्मक संदेश भेजता है और दिव्यांग बच्चों को अपने भविष्य के प्रति नई दृष्टि प्रदान करता है।

## पड़रिया ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक 12 में सड़क के ऊपर बह रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रिया उर्फ नारायणगंज के वार्ड क्रमांक 12 में गंदा पानी सड़क के ऊपर बड़ा है जिसके कारण लोगों का आना-जाना में परेशानी हो रही है बरसात के दिनों में सड़क के ऊपर गंदा पानी भरा रहता है जिससे कई प्रकार की बीमारियां होने की आशंका बनी रहती है गंदे पानी के साथ नाली का मालवा जो सड़क के ऊपर पड़ा रहता है सफाई न होने के कारण बदबू आती है जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वार्ड क्रमांक 12 के मोहल्ला वासी ने लिखित शिकायत जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को अपनी समस्या को लेकर शिकायत की गई जिसमें परेशान हो रहे लोगों को आने-जाने में गंदा पानी के कारण पूरे मोहल्ले पर उसका प्रभाव पड़ रहा है बच्चे बीमारी ग्रस्त हो रहे हैं मलेरिया एवं मच्छरों से लोग परेशान हैं।

**निरीक्षण** | **कमिश्नर जबलपुर संभाग अभय वर्मा ने किया शा.मॉडल उच्च.माध्य. का निरीक्षण।**

# कूड़ामैली विद्यालय में एसटीईएम प्रयोगशाला का शुभारंभ





*** मण्डला कलेक्टर सोमेश मिश्रा भी रहे साथ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कमिश्नर जबलपुर संभाग अभय वर्मा ने शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कूड़ामैली विकासखंड नारायणगंज में गुरूवार को एसटीईएम प्रयोगशाला का शुभारंभ किया। विद्यालय में एसटीईएम प्रयोगशाला के माध्यम से विद्यार्थी भौतिक विज्ञान के विभिन्न प्रयोग कर रहे हैं। कमिश्नर अभय वर्मा ने प्रयोगशाला में पृथ्वी के घूर्णन के कारण एवं आकार, पानी में तैरने वाली गेंद, क्रिया/प्रतिक्रिया, बिजली का चुंबकीय प्रभाव, रंग की प्रति छाया, ऊष्मा का अवशोषण, सौरमंडल में ग्रह और उपग्रह की दिशा एवं गति, आकाशीय तारों का टूटना, बल के नियम सहित विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थी और शिक्षकों से प्रयोगशाला में की जा रही प्रयोगविधि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। प्राचार्य ने बताया कि चुटका मध्यप्रदेश परमाणु विद्युत परियोजना के सौजन्य से प्रयोगशाला का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कमिश्नर अभय वर्मा ने इस अवसर पर एस्ट्रोमनी लैब का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एस्ट्रोमनी लैब में सूर्य, चंद्रमा एवं तारों के संबंध में जानकारी ली। एस्ट्रोमनी लैब में चित्र के माध्यम से बताया गया कि नासा के द्वारा मंगल ग्रह में 2030 तक मानव बस्तियाँ बनाने की योजना बनाई जा रही है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम निवास शाहिद खान, तहसीलदार सुश्री रैना तामिया सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## अपराजिता अभियान से छात्राएं जूडो कराटे सीखकर आत्मरक्षा करेगी-कमिश्नर

*** कमिश्नर श्री अभय वर्मा ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में अपराजिता अभियान की शुरूआत की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




कमिश्नर जबलपुर संभाग श्री अभय वर्मा ने गुरूवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मंडला में अपराजिता अभियान की शुरूआत की। जिसकी थीम सक्षम बेटी, सक्षम मंडला है। उन्होंने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा सरस्वती वंदना की गई। कमिश्नर श्री अभय वर्मा ने कहा कि अपराजिता अभियान छात्राओं की आत्मसुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण प्रयास है। अपराजिता अभियान से छात्राएं जूडो कराटे सीखकर विषम परिस्थितियों में स्वयं की रक्षा कर सकेंगी। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा छात्राओं के हित में प्रारंभ की गई अपराजिता अभियान की प्रशंसा की। इस अवसर पर कलेक्टर एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, प्राचार्य श्री आरएस उलाड़ी, बीआरसी श्री अनादि वर्मा उपस्थित थे। कमिश्नर श्री अभय वर्मा और कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के आगमन पर उनका पौधे देकर स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यालय में श्री सूर्य प्रकाश नंदा एवं मंजू कुमारी ने आत्मरक्षा की तकनीक का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन उमेश कुमार चौरसिया ने किया।




**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं समीर बाजपेई पिता श्री राजेन्द्र बाजपेई उम्र 48 वर्ष निवासी सिंहवाहिनी वार्ड 09 यह सूचित करता हूँ कि मेरे पुत्र का नाम जन्म प्रमाण पत्र में दर्श (**DARSH**) बाजपेई अंकित है एवं आधार कार्ड में ओम्य (**OMYA**) बाजपेई अंकित है उक्त आधार कार्ड में अंकित नाम ओम्य बाजपेई के स्थान पर दर्श (**DARSH**) बाजपेई अंकित होना है। अतः सूचनार्थ हो कि मेरे पुत्र का नाम समस्त दस्तावेजों में दर्श बाजपेई दर्ज हो।

समीर बाजपेई
सिंहवाहिनी वार्ड मण्डला

## खबर संक्षेप

### वर्षो पुराने बिजली तारों के भरोसे चल रही व्यवस्थाओं बन रही परेशानी का कारण

**सडूमर ।** जहां एक ओर आये दिन देखा जाता है कि बिजली विभाग द्वारा गांवों में किसानों सहित अन्य उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल अदा नही किये जाने के नाम पर जिस प्रकार से बसूली करते हुए उन्हें अपमानित करते हुए जबरन घरों में रखे हुए समान की जप्ती तो की जाती है, मगर वही दूसरी ओर गौर करने वाली बात तो यह है कि जिस तरीके से बिजली विभाग द्वारा बिल बसूली का तरीका अपनाया जाता है। अब सबाल यह उठाता है कि क्या उस तरीके से लोगों को बिजली उपलब्ध कराये जाने के साथ साथ उन्हें बिजली तारों से होने वाली घटनाओं की क्षति का सहयोग प्राप्त किया जाता है? क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि बिजली विभाग द्वारा गांवो के साथ साथ किसानों के खेतों में बिजली सप्लाई हेतु जो बिजली लाईने खीची गई है उनका वर्षो से सुधार कार्य नही किये जाने तथा उनका रख रखाब नही होने के कारण जहां तारों ने झूला का रूप धारण कर लिया गया है और आये दिन देखा जाता है कि जब हवा चलती है तो यह झूलते हुए तार एक दूसरे से टकरा जाने के कारण चिंगारी छोडते है जिसके चलते जहां गांवों में किसी बड़ी घटना घटित होने की आंशका बनी रहती है? वही दूसरी ओर अनेको बार तो देखा जाता है कि किसानों के खेतो से निकली हुई बिजली लाईनों से निकलने वाली चिंगारी के चलते किसानों के खेतों में खड़ी हुई फसले भी जलकर खाक होने से नही बच पाती है, इस स्थिति में शायद ही बिजली विभाग द्वारा किसी किसान को आज तक कोई सहयोग के रूप में राशि उपलब्ध कराई गई हो? मगर सिर्फ किसान द्वारा उपयोग की जाने वाली बिजली बिलों की बसूली के नाम पर जरूर किसानों को परेशान किया जाता रहता है, इतना ही नही गांवों में निकली हुई बिजली लाईन की स्थिति तो इस प्रकार से बनी हुई है कि आये दिन उसमें चिंगारी देखने मिलती। मगर इस ओर न तो बिजली विभाग ध्यान देता है और न ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जिसके चलते आम लोगों की जान खतरे में पड़ने के साथ साथ क्षेत्र के किसानों को हर वर्ष भारी क्षति का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जाता है।

### पंजीयन से विपरीत ट्रेक्टरों का हो रहा है दुरूपयोग?

**कल्याणपुर।** कृषि हेतु ट्रेक्टर का रजिस्टेशन करवाए जाने के बावजूद इसका उपयोग व्यवसाय कार्य के लिए करते हुए देखा जा रहा है? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो ईट, मिट्टी,रेत, गिट्टी या फिर बांस, बल्ली व अन्य समान ढोतें हुए अनेक ट्रेक्टर धडल्लें से सड़कों पर दौड़तें देखें जा रहे है। जबकि कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत ट्रेक्टा ग्रामीण विकास विभाग, प्रधानमंत्री सड़क योजना, राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के साथ ही अन्य तमाम विभागों व ठेकों पर कार्य करतें कभी भी देखें जा सकतें है? यद्यपि तहसील मुख्यालय का शहरी मार्ग पूरी तरह से बड़ें वाहनों के साथ साथ अन्य व्यवसायों में लगे हुए ट्रेक्टरों को भी प्रति बंधित होना चाहिए, जहां कि बाजार तथा सड़कों व आवागमन को देखते हुए यहां से कृषि कार्य में उपयोगी माने जाने वाले टेक्टर वेखौफ होकर व्यावासियक गतिबिधियों में संलग्न देखें जाने के बावजूद भी प्रशासनिक कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा इस ओर अनदेखी की जा रही है। क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि ट्रेक्टरों पर खुलेआम लिखा होता है कि कृषि कार्य और इनका उपयोग सिर्फ कृषि कार्यो में होना चाहिए ताकि किसान कृषि कार्यो को समय पर कर सके लेकिन शहरी हालातों में ट्रेक्टरों की स्थितियां जो सामने आ रही है वही अस्सी फीसदी व्यवसायिकता के मद्देनजर सामने आ रही है जहां शासन प्रशासन द्वारा कृषि उपयोगी माने जाने वाले ट्रेक्टर का रजिस्टेशन केवल कृषि कार्यो के लिये किया जाता है। लेकिन कमाई के चक्कर में इनका उपयोग व्यवसायिक दृष्टि से किया जा रहा है, जो शासन के नियमों के खिलाफ होने के बाद भी इन पर कोई कार्यवाही नह होना चर्चा का विषय बना हुआ है वही प्रशासन की उदासीनता का प्रमाण दिखाई दे रहा है।

# जेवर साफ करने के नाम पर पार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार, जप्त किये जेवरात





**गाडरवारा।** ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करते हुये महिलाओं को जेबर साफ करने के नाम पर उनके जेबर पार करने वाले आरोपी को जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के निर्देशन में गाडरवारा पुलिस ने आरोपी को गिरप्तार करते हुये उसके पास से पार किये गये जेबर जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि बीते हुये 2 अक्टूबर को समीपस्थ ग्राम महगंवा कला निवासी महेश कौरव ने अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया गया था कि उनकी माँ रेवाबाई से डिजाईन दिखाने की कहकर धोखाधड़ी पूर्वक 04 नग चाँदी के लच्छे ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई । इसी प्रकार 1 नवंबर को मीराबाई अहिरवार निवासी ग्राम नांदनेर ने शनि मंदिर के पास कामती रोड पर मोटर साईकल क्र.MP05P3219 के अज्ञात चालक द्वारा उनका मंगलसूत्र शनि भगवान के चरणों में रखकर पवित्र करने की कहकर कपट पूर्वक से ले जाने की रिपोर्ट की गई । इस तरह प्रार्थीगणों की रिपोर्ट पर थाना गाडरवारा में क्रमशः अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया था। वही दूसरी ओर इस प्रकार से क्षेत्र में लगातार हो रही धोखाधड़ी की घटनाओं की रोकथाम हेतु जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के निर्देशन व उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गाडरवारा उमेश तिवारी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया । बनाई गई टीम द्वारा घटनास्थल एवं आस-पास के लोगों से संदिग्ध हुलिया के व्यक्तियों के संबंध में जानकारी एकत्र किये गये । तथा बुजुर्ग महिलाओं को रिश्ते-नातेदार बनाकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी की शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु विशेष पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किये गये । इसी दौरान इस टीम को मुखबिर की सूचना मिली की पशु बाजार डोलाबाबा गाडरवारा में एक युवक संदिग्ध स्थिति में घूम रहा है जिसके चलते पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति को अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम कमलेश पिता मेहरबान सिंह गूजर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम खैरी थाना पलोहा बड़ा बताया गया। वही जब पुलिस द्वारा इस युवक से सख्त होकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने महगवाँ कला से बुजुर्ग महिला से चार नग चाँदी के लच्छे तथा इसके बाद शनि मंदिर कामती रोड से बुजुर्ग महिला से गले का सोने का मंगलसूत्र को पवित्र करने की कहकर धोखाधड़ीपूर्वक ले जाये जाने की बात स्वीकर करने के साथ ही समीपस्थ थाना साईखेड़ा क्षेत्रांतर्गत झिकौली घाट से एक POCO कंपनी का टच स्क्रीन मोबाईल चोरी करना स्वीकार किया । जिसके चलते पुलिस ने आरोपी के पास से एक सोने का मंगलसूत्र का लॉकेट व 4 नग सोने की गुरिया, 3 नग चाँदी के लच्छे के आलवा POCO कंपनी का टच स्क्रीन मोबाईल तथा घटना में प्रयुक्त बजाज कंपनी की CT-100 मोटर साईकल क्र. MP05P3219 जप्त करते हुये आरोपी कमलेश गूजर के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकल में अंकित नंबर का मोटरसाईकल का रजिस्ट्रेशन नंबर इंजन-चेचिस नंबर से मिलान करने पर वास्तविक रजिस्ट्रेशन नंबर से भिन्न होना पाया गया । आरोपी के द्वारा घटना कारित करने हेतु अपनी पहचान छिपाने कूट रचित नंबर प्लेट का उपयोग करना पाये जाने से प्रकरण में धारा 336(3),338,340(2) बी.एन.एस. का ईजाफा किया गया । प्रकरण के आरोपी कमलेश गूजर को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर अन्य मामलों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। इस तरह तरह लोगों के साथ धोखा धड़ी करने वाले आरोपी को पकड़ने में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी साईखेड़ा प्रकाश पाठक के साथ सहायक उप निरीक्षक मोहन पवार, हरिशंकर बटके, प्रधान आरक्षक रूपराम इमने, वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी की विशेष योगदान एवं सहायक उप निरीक्षक राजेश शर्मा, प्रधान आरक्षक धनीराम, वरिष्ठ आरक्षक अखिलेश पटैल, आरक्षक बाल किशन रघुवंशी,नसीम अख्तर, हरिशंकर की सराहनीय भूमिका बताई जा रही है।

# गोलू भैया के नेतृत्व में सालीचौका के लोगों ने सांसद चौधरी से मुलाकात करते हुये अन्य ट्रेनों को रूकवाने की उठाई मांग



**सालीचौका।** क्षेत्र की जनता अपने जनप्रतिनिधियों से यह उम्मीद चाहती है कि क्षेत्र के विकास के साथ साथ उनकी जरूरतों को पूरा किया जावे। मगर अक्सर देखा जाता है कि जब चुनाव को दौर होता है तो क्षेत्र के जनप्रतिनिधि क्षेत्र के उभरते हुये नेताओं के साथ आमजन के बीच पहुंचकर सुविधाये प्रदान करने का भरोसा तो दिलाते है। मगर बाद में उसे भुला दिया जाता है। इसके बाद आम लोगों के बीच जिस तरह क्षेत्र के उभरते हुये नेताओं द्वारा जनता के बीच पहुंचते है तो फिर यह जिम्मेदार क्षेत्र के नेताओं की रहती है कि वह जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र के विकास व जरूरी सुविधाओं को पूरा करने की याद दिलाते रहे। इसी तरह सालीचौका क्षेत्र में उभरते हुये युवा नेता अमरीश राय गोलू भैया में देखने मिल रहा है जो क्षेत्र की जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिये जनप्रतिनिधियों के बीच पहुंचकर क्षेत्र की जरूरतों को अवगत कराने से नही चूक रहे है। जिसमें मुख्य रूप से देखा जावे तो सालीचौका क्षेत्र में बडी बडी शुगर मिल होने के साथ धान फसल की पैदावार के लिये प्रमुख केन्द्र माना जाता है इसी लिये लोग सालीचौका क्षेत्र की धान का कटोरा कहने से नही चूकते है। वही दूसरी ओर सालीचौका में रेल्वे स्टेशन के साथ साथ नगर परिषद, पुलिस चौकी, हायर सेकेण्डरी स्कूल के साथ अब महाविद्यालय की सौगत भी मिल चुकी है। मगर यहां के रेल्वे स्टेशन पर जरूरी ट्रेनों का स्टाप नही होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड रहा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये बीते हुये दिवस भाजपा के युवा नेता अमरीश राय गोलू भैया के नेतृत्व में क्षेत्र के अन्य लोगों द्वारा सांसद दर्शन सिसंह से मुलाकात करते हुये अन्य सालीचौका रेल्वे स्टेशन के लिये अन्य ट्रेनों की सौगात प्रदान करने की मांग रखी गई। बताया जाता है कि बीते हुये दिवस जब सांसद दर्शन सिंह चौधरी राजकोट एक्सप्रेस से यात्रा करते हुये कही जा रहे थें उसी दौरान साली चौका नगर के भाजपा नेता अमरीश राय गोलू भैया के नेतृत्व में क्षेत्र के अन्य नेताओं का एक जत्था सांसद से मिलने के लिये पहुंचा जहां पर सांसद का पुष्प मालाओं के साथ स्वागत करते हुये सालीचौका रेल्वे स्टेशन पर किसी बडी ट्रेन को रूकवाने की मांग रखी गई तो इस मांग को लेकर सांसद द्वारा आश्वासन दिया कि दो महीने के अन्दर कोई बड़ी ट्रेन का स्टाफ सालीचौका होगा। वही दूसरी ओर उनके द्वारा दिये गये भरोसे को लेकर तो लोगों द्वारा कहा जा रहा है के उनके द्वारा साफ शब्दों में कहा कि अगर ट्रेन का स्टॉप नहीं हुआ तो मैं खुद ही पटरी के सामने आकर ट्रेन को रोकूगा...? इस तरह सांसद द्वारा दिये गये भरोसों को लेकर सालीचौका वासियों में हर्ष देखने मिल रहा है। इस तरह सांसद से मुलाकात करते हुये ट्रेन की मांग रखने वालों में युवा पार्षद भाजपा नेता अमरीश गोलू भैया राय के आलवा कुलदीप राय, सुरेश सिलोकिया, तुलसीराम उपरारिया,रमेश नगपुरिया, हेमेश राय, मनोज मेहरा अनिल चौकसे सहित अन्य लोग शामिल थें।

# अलग अलग जगहों से दस आरोपियों के पास से जप्त की गई सौ लीटर कच्ची शराब के साथ ढाई क्विंटल महुआ लाहन किया नष्ट





**गाडरवारा ।** शराब के अवैध कारोबार पर अंकुशस लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत गाडरवारा पुलिस ने बीते हुये दिनों बड़ी कार्यवाही करते हुये 10 प्रकरणों में 100 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त करने के साथ 2.5 क्विंटल महुआ लाहन नष्ट किया गया है। बताया जाता है कि जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में त्यौहारों के मौके पर क्षेत्र में अवैध शराब के विनिर्माण, परिवहन, संधारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही कर अवैध कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया हैं । इसी के चलते गाडरवारा पुलिस की विभिन्न पुलिस टीमों के द्वारा में मजबूत मुखबिर तंत्र के आधार पर नगर के कुचबंदिया मोहल्ला के आलवा ग्राम सिहोरा, ग्राम भटेरा में दबिश देकर अवैध रूप से शराब रखे आरोपीगणों महिला आरोपियों के आलवा रोहित मेहरा, बैनीप्रसाद प्रजापति,न रामजी साहू, भोजराज मेहरा से 09 प्रकरणों में कुल 100 लीटर कच्ची महुआ शराब कुल कीमती 10,000 रूपये जप्त की जाकर आरोपीगण के विरूद्ध पृथक-पृथक आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किये गये एवं अवैध शराब के निर्माण हेतु उपयोगी करीबन 2.5 क्विंटल लाहन नष्ट करने में सफलता प्राप्त की गई । इसके आलवा गाडरवारा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र मजबूत कर थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर अवैध शराब का व्यापार करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाहियाँ की जा रही है। इस तरह कार्यवाही करने वाली टीम में मुख्य रूप से उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक मनीषा लिल्हारे, सहायक उप निरीक्षक राकेश दीक्षित, हरिशंकर बटके, संतोष सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक धनीराम, संजय डोंगरे, भास्कर पटैल, सुरेन्द्र पटैल, संदीप रघुवंशी, वरिष्ठ आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, कमलेश, आरक्षक आकाश बारोलिया, नसीम अख्तर, हरिशंकर, ऐश्वर्य वेंकट, रामसिंह शामिल थें।

# क्षेत्र में लग रहे मढ़ई मेलों में दिन भर चलता है हार जीत का खेल, पुलिस प्रशासन रहा मौन

सालीचौका

*जिस प्रकार से इस समय क्षेत्र में जुआ सट्टे का अवैध कारोबार लगातार बढ़ते हुये देखा जा रहा है उसका परिणाम इस क्षेत्र में चोरी सहित अन्य प्रकार की अपराधिक घटनाएं घटित होना आम बात हो चुकी है। वही दूसरी ओर अन्य अपराध भी जन्म लेने से नही चूक पा रहे है। मगर हद तो तब हो रही है जब गांव गांव लगने वाले मढ़ई मेलों में खुलेआम भारतीय मुद्रा पर हारजीत का दाव लगते हुये देखा जा रहा है और पुलिस इस सच्चाई से अनजान बनकर नजर अंदाज करने से नही चूक रही है? जिसके चलते अनेक युवाओं द्वारा इस चकरीनुमा खेल में माध्यम से अपनी राशि गवाते हुये देखे गये और जिनकी जीत हुई वह खुशी में छूमने से नही चूके? इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जिस प्रकार से शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में मढ़ई मेलों का आयोजन होता है वह आयोजन जहां पुरानी परम्पराओं को जीवित करने से तो नही चूकते है। वही दूसरी ओर लोगों द्वारा इन मढ़ई मेलों में पहुंचकर आंनद भी उठाया जाता है। मगर वही वही दूसरी ओर इन मढ़ई मोलों में दूर दूर से दुकाने लेकर आने वाले दुकानदारों द्वारा अपनी रोजी रोटी कमाने का साधन भी मिल जाता है। मगर अनेक जगहों पर देखा जाता है कि इस समय लग रहे इन मढ़ई मेलों में इस*





*प्रकार के खेल भी आयोजित किये जाते है जो नियम विरूद्ध होने के साथ साथ एक बुराई का प्रतीक माने जाते है? क्योंकि कानून के भाषा में देखा जावे तो भारतीय मुद्रा पर हारजीत का दाव लगाने वाले हर कृत्य को अपराध यानि की जुंआ की श्रेणी में माना गया है। मगर इसके बाद भी आयोजित होने वाले इन मढ़ई मेलों के दौरान एक चुकरी नुमा कार्यक्रम के दौरान लोगों को खुलेआम अंकों पर रूपयों का दाव लगाने के साथ हारजीत का खेल खेलते हुये देखा जा रहा है वह निश्चित ही पुलिस की कार्य प्रणाली को संदेह के घेरे में लाने से नही चूक रहा है। क्योंकि इस प्रकार का कोई भी खेल पुलिस की अनुमति या फिर मिलीभगत के बगैर संपन्न हो पाना संभव नही माना जा सकता है? इस प्रकार से क्षेत्र में जहां तहां आयोजन होने वाले मढ़ई मेलों के दौरान खुलेआम चकरी नुमा खेल पर धड़ल्ले से लोगों को अंकों पर हारजीत का खेल करते हुये देखा गया मगर इसके बाद भी पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही न करना निश्चित ही लक्ष्मी पूजन के आर्शीवाद व मिलीभगत की ओर संकेत देते हुये जान पड़ रहा है?*

# फर्जी डिग्रीधारी डॉक्टर कर रहे लोगों की जान से खिलवाड़

**चीचली।** क्षेत्र मे इन दिनो फर्जी डिग्रीधारी, डॉक्टर अनपढ़ लोगो को दवाइयों के नाम पर लूट खसोट करने मे कोई कोर कसर बाकी नही रखते है? जबकि अंचल में पड़ोसी राज्यो के फर्जी डॉक्टरों द्वारा दवाई करने के नाम पर डिस्पेंसरी का संचालन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां पड़ोसी राज्यों बंगाल, बिहार, कलकत्ता,उड़ीसा आदि राज्यों सें आकर लोग डॉक्टरी पेशे को कमाई का जरिया बनाये हुए है और जो लोगों को दवाइयां करने के नाम पर ठगने मे कोई कोताही नही बरतते है? इतना ही नही मर्ज कितना भी जटिल क्यो न हो ये डॉक्टर दवाई करने से नही चूकते है, मजेदार बात यह है कि ग्रामीण



क्षेत्रों में इनसे दवाई करवाने क्षेत्र से अधिकांशतः अनपढ़ लोग आते है। जिसका फायदा ये चिकित्सक आराम से उठा रहे है,बकायदा अपने डिस्पेंशरी मे साइन बोर्ड लगाकर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते है, इतना ही नही वोर्ड मे कई देशी व विदेशी संस्थानों से डिग्री पास करने का उल्लेख करते है जबकि हकीकत कुछ और ही है,इनमे अधिकांशतः पांचवी पास भी नही है। लेकिन उपचार के नाम पर लोगों को बेवकूफ बनाने मे माहिर है,इनमे दवा कराने के बाद लोगों को गंभी अवस्था मे चिकित्सालय लाया जाता है जिसमें गरीबों का पैसा और स्वास्थ्य दोनो का नुकसान हो चुका होता है लेकिन स्वास्थ्य विभाग इन पर कार्रवाई करने से परहेज कर रहा है।

# गांवों में लकड़ी के खम्बों के भरोसे चल रही बिजली लाईनों से बन रहा खतरा



**गाडरवारा।** जहां एक ओर बिजली विभाग द्वारा क्षेत्र के किसानों से बिजली बिलों की बसूली को लेकर तो अपना पूरा जोश लगाया जा रहा है, मगर वही दूसरी ओर क्षेत्र के फैली बिजली लाईनों के सुधार कार्य से लेकर उनके रख रखाब में इस प्रकार की उदासीनता बरती जाती है कि जहां तहां झूलते हुए बिजली तारों से निकलने वाली आग की चिंगारियों से किसानों के खेतों में जहां खड़ी हुई फसले जलकर खाक हो जाती है या फिर बिजली से लगने वाले करेन्ट के कारण लोगों को बेमौत काल के गाल में समाने के लिए मजबूर होना पड़ता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस क्षेत्र में अनेक जगहों पर देखने मिल रही है जहां पर बिजली विभाग के उदासीनता के चलते मुख्य मार्गो पर झूलते हुए बिजली तारों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि कभी भी कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? बताया जाता है कि क्षेत्र के किसानों द्वारा अपनी सुरक्षा के लिए अपने स्तर पर लकड़ी के खम्बा लगाते हुए व्यवसथा बनाई गई है जिसके चलते क्षेत्र की बिजली सिर्फ लकड़ी के खम्बों भरोसे चलते हुए जान पड़ रही है? इस बात की सच्चाई इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में देखने मिल रही है जहां पर बताया जाता है कि किसानों के लिए बनी हुई सार्वजनिक रास्ते के ऊपर बिजली तार इस प्रकार से झूलते हुए नजर आ रहे है कि उन तारों से कभी भी कोई वाहन टकरा सकता है, इस बात की जानकारी बिजली विभाग के बड़े अधिकारियों से लेकर छोटे कर्मचारियों को होने के बाद भी किसी भी प्रकार का सुधार नही किये जाने से इस बात का अंदेशा लग रहा है कि शायद बिजली विभगा के अधिकारी क्षेत्र में कोई बड़ी घटना घटित होने का इंतजार कर रहे है?

# शहर में लगातार बढ़ रही भिखारियों की भीड़ को लेकर पुलिस बनी अनजान, शाम के वक्त यह लोग कहा रहते हैं किसी को नहीं पता

गाडरवारा

इस समय नगर में देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से बाहरी लोग अपना डेरा जमाते हुए आये दिन किसी ने किसी कृत्य को अंजाम देते हुए देखे जा रहे है, इस बात को लेकर लोगों में दहशत की स्थिति देखने मिल रही है? मगर इस बात को न तो पुलिस प्रशासन गंभीरता पूर्वक लेते हुए दिखाई पड़ रहा है और नही अन्य कोई समाजसेवी संस्थाओं द्वारा जिससे नगरवासी इन बाहरी लोगों की नगर में लगातार बढ़ रही फौज के चलते अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हुए दिखाई देने से नही चूक पा रहे है। यदि इस सच्चाई पर गौर किया जावे तो पूर्व के समय में पुलिस द्वारा चोरी सहित अन्य घटनाओं में पकड़े गये अनेक आरोपियों में बाहरी लोग ही शामिल थें जो दिन भर नगर में भ्रमण करते हुए रात को घटनाओं को अंजाम देने के बाद गायब हो जाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई पुनः नगर में दिखाई पड़ रही है जिसके चलते अनेक भेषों में जिस प्रकार से नगर की सड़को पर अनजान चेहरे दिखाई दे रहे है यदि उन लोगों के संबंध में सच्चाई का पता किया जावे तो यह जानकारी शायद ही पुलिस के पास भी उपलब्ध रहती हो? इस प्रकार से नगर में चारो ओर अनजान बाहरी लोगों के डेरे जमे हुए दिखाई पड़ने के साथ आये दिन बढ़ोत्तरी होते दिखाई देने



लगी है। मगर इसके बाद भी पुलिस प्रशासन अनजान बनना निश्चित ही चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक पा रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो अनेक महिलाएं जहां नगर की सड़कों अपने मासूम बच्चों को लेकर भीख मांगते हुए देखी जा रही है उनके बारे में शायद ही किसी को इस बात का पता नही है कि आखिर में यह रहने वाली कहा की है और यहां पर भीख मांगने के लिए कैसे पहुंच रही है जो दिन भर नगर के भ्रमण करने के बाद रात के समय अचानक गायब हो जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर में भीख सहित अन्य कार्यो में लगे हुए किशोरों से लेकर मासूम बच्चों की देखने मिल रही है? जबकि यदि शहर क्षेत्र में कोई बाहरी व्यक्ति नजर आता है कि सबसे पहले पुलिस को उसके संबंध में संपूर्ण जानकारी एकत्र करते हुए थाने में पूरा उसका वायोडाटा जमा करना चाहिए। मगर ऐसा होते हुए दिखाई ही नही पड़ रहा है जिसके चलते क्षेत्र में लगातार अनेक अपराधिक घटनाएं घटित होते हुए दिखाई देने लगी है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर पिछले कुछ समय से अनेक महिलाएं और बच्चें कटोरानुमा पात्र में आराध्य देवी देवताओ की मूर्तियां रखकर भीख मांगाते हुए दिखाई देने से भी नही चूक रही है जो अपने साथ तीन तीन मासूम बच्चों को रखे हुये उनके भूखा होने के नाम पर लोगों के घरों के दरबाजे या फिर दुकानों के सामने खड़ी हुई आये दिन दिखाई देती रहती है। वही दूसरी ओर इस प्रकार से इनका भीख मांगने के इनके इस नये तरीके से आमजन मानस आहत हो रहा है? इस तरह शहरों से लेकर गांवो में घुम घुमकर जिस प्रकार से भीख मांगने का कार्य किया जा रहा है, उससे जहां आम लोग परेशान तो हो ही रहे है साथ ही साथ नगर की सुरक्षा पर भी सबाल खड़े होने से नही चूक पा रहे है? क्योंकि नगर में बीते हुये वर्ष घटित हुई घटनाओं की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से नगर की नई गल्ला मंडी बैक से पैसों से भरा हुआ बैग गायब हुआ था उसमें भी एक नाबांलिग लकड़ा के शामिल होने की सच्चाई सामने आयी थी, इसके आलवा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में शादी समारोहों में घटित हुई अनेक चोरी की घटनाओं में भी गुप्त केमरों में इस प्रकार से नाबांलिग बच्चों की फोटो सामने आ चुकी है? मगर इसके बाद भी पुलिस की उदासीनता जिस प्रकार से देखी जा रही है वह निश्चित ही चिंता जनक सच्चाई को उजगार करने से नही चूक पा रही है।









**खबर संक्षेप**

### योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग में बेस्ट प्रैक्टिसेस के आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** प्रमुख सचिव योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग श्री संजय कुमार शुक्ल ने जिला कलेक्टर्स को जिले में हो रहे नवाचार एवं बेस्ट प्रेक्टिसेस को प्रोत्साहित करने के लिये नीति आयोग के निर्देशानुसार आवेदन आमंत्रित करने पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि नीति आयोग जिलों के नवाचार और बेस्ट प्रेक्टिसेस को प्रोत्साहित करने एक मंच प्रदान कर रहा है। इसके लिये विषयवार संगोष्ठी का आयोजन प्रस्तावित है। सुशासन एवं अभिनव सफल प्रथाओं के लिये किये जा रहे प्रयासों की पहचान करना राज्य नीति आयोग का प्रमुख कार्य है।प्रमुख सचिव श्री शुक्ल ने कहा है कि आयोग द्वारा जिलों से प्राप्त आवेदनों को उनके नवाचार के आउटकम, रिप्लीकेबिलिटी और स्केलेबिलिटी के आधार पर चयनित किया जाएगा। चयनित किए गए जिलों के कलेक्टर या उनके जिलों के उप सचिव स्तर से अनिम्न अधिकारी को संगोष्ठी में प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया जाएगा अथवा बेस्ट प्रेक्टिसेस का प्रकाशन किया जाएगा। इस संबंध में समन्वय हेतु श्री ईश गुप्ता, कसलटेंट, राज्य नीति आयोग (ईमेल हनचजं.पी/उच.हवअ.पद मोबाईल- 9826050969) से संपर्क किया जा सकता है। सभी को निर्देशित किया गया है कि संलग्न लिंक में अपने जिलों की बेस्ट प्रेक्टिसेस की जानकारी प्रविष्ट करें। सभी जिले गूगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन जमा करने के पात्र होंगे।

### पर्यटन के महत्व की विद्यार्थियों को दी गई जानकारी

**अनूपपुर।** जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद अनूपपुर के द्वारा जिला मुख्यालय स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पर्यटन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय ने छात्र-छात्राओं को पर्यटन स्थलों के संबंध में जानकारी देते हुए समझाया।

न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत

# ग्राम पंचायत छांटा में जागरूकता शिविर का आयोजन

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशःअध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिण्डौरी नीना आशापुरे के मार्गदर्शन में विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में 04.11.2024 से 09.11.2024 तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है।





हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

जिसके तहत जिला प्राधिकरण द्वारा उनके क्षेत्राधिकार अंतर्गत नालसा द्वारा क्रियान्वित की जा रही बाल अधिकारों पर केंन्द्रित योजना के तहत गरिमा केंद्र ग्राम छांटा, डिण्डौरी में जन साहस के समन्वय से 07.11.2024 विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।आयोजित जागरूकता शिविर में सचिवध्जिला न्यायाधीश श्री शिव कुमार कौशल ने बच्चां के मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं व उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, व उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि, प्रत्येक बच्चों के व्यक्तित्व का समग्र विकास हेतु केवल शिक्षा ही एक मात्र साधन है। बच्चों से काम करवाना पूरी तरह प्रतिबंधित है यह बाल मजदूरी अधिनियम अंतर्गत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से मजदूरी न करवाये जाने एवं उन्हें शिक्षित किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही श्री कौशल ने बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम व शिक्षा का अधिकार एवं बाल न्याय कानून में दांडिक प्रावधानों व नालसा टोल फ्री नंबर 15100, निःशुल्क विधिक सहायता, बाल विवाह अधिनियम, मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार, विकास का अधिकार संरक्षण का अधिकार, एवं यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा अधिनियम, 2012 एवं निःशुल्क विधिक सहायता एवं अपराध पीडित प्रतिकर योजना 2015 के संबंध में जानकारी प्रदान दी। साथ ही बाल विवाह की रोकथाम हेतु नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया। आयोजित जागरूकता शिविर में जन साहस से ममता धर्वु से आभार व्यक्त किया। शिविर में उपस्थित सहायक यशवर्धन शुक्ला, श्री विश्वनाथ पाण्डे, शिक्षक बी.एस. मरकाम. पी.एस चंदेल, पैरालीगल वालेंटियर्स श्री धरम सिहं राजपूत, श्री रामप्रसाद विश्वकर्मा एवं छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री ग्राम उन्नत योजना के संबंध में बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान (धरती अब्बा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान) के तहत कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता में विकास कार्य योजना प्रस्तुत करने के लिए समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम बजाग सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी श्री रामबाबू देवांगन, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्री संतोष शुक्ला सहित वन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, आयुष विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत जिले के 563 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों को चयन किया गया है। जिसमें 112698 आदिवासी परिवारों को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत क्षेत्र में विकासात्मक कार्य किए जाने हैं, जिसके संबंध में कलेक्टर हर्ष सिंह ने संबंधित सभी विभागों से कार्ययोजना पर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि योजना के तहत तीन घटक हितग्राहीमूलक, सामुदायिक स्तर और आर्थिक सशक्तिकरण शामिल हैं। सभी विभाग क्षेत्र के विकास के लिए कार्ययोजना का प्रस्ताव त्वरित रूप से भेजकर क्रियान्वयन करें। कलेक्टर ने आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि कौशल विकास के क्षेत्र में ध्यान देते हुए रोजगार के ऐसे अवसर उत्पन्न करें जो कि सतत व समावेशी प्रकृति के हों। इसके लिए उन्होंने संबंधित विभागों को क्षेत्रीय विशेषता के आधार पर मूल्य संवर्धन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण केन्द्र, अधोसंरचना विकास कार्य, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विस्तार, ग्रामीण विकास आदि के संबंध में संबंधित विभागों को बेहतर कार्ययोजना बनाने एवं उस पर कार्य करने के निर्देश दिए।

# ग्राम अमगांव में आदर्श ग्राम परिचर्चा के दौरान ग्रामवासियों ने प्रस्तावित किया आदर्श ग्राम

हरिभूमि न्यूज अमरपुर।



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अमरपुर में प्रस्तावित आदर्श ग्राम अमगांव में नवांकुर संस्था के समन्वय से ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं ग्रामवासियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान, ग्राम पंचायत चांदपुर सरपंच अमृत सिंह परस्ते, ग्राम मुक्कदम, कोटवार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, प्राथमिक शिक्षक तथा विकासखंड समन्वयक विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक का शुभारंभ उपस्थित मंचासीनों द्वारा सरस्वती माता की पूजन अर्चन कर किया गया। तत्पश्चात सभी उपस्थित मंचासीनों एवं ग्रामवासियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। आयोजित बैठक में सर्वप्रथम विकासखंड समन्वयक द्वारा मध्य प्रदेश शासन के मशांनुसार एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की योजना के अंतर्गत आदर्श ग्राम की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसके पश्चात पूर्व प्रस्फुटन समिति अमगांव अध्यक्ष एवं वर्तमान चांदपुर ग्राम पंचायत सरपंच अमृत सिंह परस्ते द्वारा ग्राम में जन सहयोग से किया जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए जल संरक्षण, पौधारोपण, नशा मुक्ति एवं शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रचार संबंधी जानकारी से अवगत कराते हुए पूर्व से ही जन सहयोग की भावना को प्रगट किया। आयोजित कार्यक्रम के अंत में जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान द्वारा आदर्श ग्राम की अवधारणा पर परिचर्चा करते हुए ग्रामवासियों को जन सहयोग एवं संगठित होकर ग्राम को स्वच्छ ग्राम तथा पॉलिथीन मुक्त गांव ग्राम, तुलसी ग्राम, गौ ग्राम, जैविक कृषि, संस्कार केंद्र एवं संरक्षण जैसे छोटे-छोटे कार्यों को बिना लागत से करने हेतु प्रेरित कर आदर्श ग्राम बनाने की शुरुआत करने को कहा गया। जिसको ग्रामवासियों ने उक्त कार्य करने हेतु सर्वसम्मति से प्रस्तावित कर निस्वार्थ भाव से कार्य कर ग्राम को आदर्श बनाने हेतु सहर्ष स्वीकार्य किए। आयोजित बैठक में नवांकुर संस्थाओं के कार्यकर्ता, प्रस्फुटन समिति के कार्यकर्ता, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम (बउबसकच) मेंटर्स एवं छात्र एवं ग्राम से महिला एवं पुरुष भारी संख्या में मौजूद रहे।



# श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सुनने उमड़ रही श्रद्धालुओं की

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी अमरपुर।

जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर निवासी सुनील दुबे द्वारा अपनी माताश्री शकुन दुबे की वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया हैं। कथा वाचक पौराणिक पं. दीपक शास्त्री जी महाराज श्रीधाम वृंदावन के मुखारविंद से एवं उनके प्रमुख सहयोगी श्रीराम सुशील मिश्रा जी हैं। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ कथा के तीसरे दिन की कथा में ऋषभदेव महराज के जन्म एवं भगवान के वामन अवतार द्वारा राजा बलि से दान में तीन पग जमीन मांग करने की अतिसुंदर कथा का वर्णन कर भक्तों का मन मोह लिया। कथा प्रारंभ विगत 3 नवंबर से कलश यात्रा से प्रारंभ किया गया हैं। जोकि आगामी 10 नवंबर को श्रीराम कीर्तन, हवन एवं विशाल भंडारा के साथ समापन होगा। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ कथा श्रवण करने अमरपुर के अलावा आसपास के गांवों से भी भारी जन-सैलाब उमड़ रहा हैं। जोकि प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा हैं। जिसमें महिलाओं श्रद्धालु पुरुषों से अधिक सहभागिता निभा रही हैं। ज्ञातव्य होवे कि सुनील दुबे पूर्व में भी भागवत पुराण का आयोजन कर चुके हैं। जोकि सहकारिता विभाग में कर्मचारी हैं। साथ ही धर्मपत्नी संगीता दुबे शासकीय कर्मचारी, पुत्री साक्षी दुबे उद्यान विभाग अधिकारी एवं पुत्र सक्षम दुबे शिक्षक हैं। इनका पूरा परिवार शिक्षित एवं सात्विक हैं।

# ब्लॉक कांग्रेस शहपुरा ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज शहपुरा




ब्लाक कांग्रेस कमेटी शहपुरा अध्यक्ष संजय राय के नेतृत्व में 07 नवंबर 2024 दिन गुरूवार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को जिला कलेक्टर के नाम से ज्ञापन सोपा गया ज्ञापन में मांग की गई विगत दिवस दिन रविवार को बिछिया निवासी राजकुमार यादव अपनी पत्नी पूनम यादव को डिलीवरी के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गया जहां पर डॉक्टर भी नहीं थे और डिलीवरी इंचार्ज श्रीमती अनुसुइया मार्को भी मौजूद नहीं थी फोन से संपर्क करने पर अनुसुइया मार्को ने अस्पताल में स्टाफ से बात कर उसे भर्ती करवा दिया परंतु महिला को समुचित इलाज नहीं मिला इसके बाद रात्रि 12रू00 बजे महिला को एल्गिन अस्पताल जबलपुर के लिए रेफर किया गया और परिजनों से बोले कि एंबुलेंस आने में 2 घंटे का समय लगेगा आप लोग निजी वाहन करके चले जाएं इस परिस्थिति में महिला के पति राजकुमार ने निजी वाहन की व्यवस्था कर रात्रि 1रू00 बजे अपनी पत्नी को जबलपुर एल्गिन अस्पताल ले गया एल्गिन हॉस्पिटल से वहां पर महिला को मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया मेडिकल में जैसे ही महिला का इलाज शुरू हुआ तो मृत बच्चा निकला इसके पश्चात महिला की भी मृत्यु हो गई, अतः कलेक्टर से मांग की गई है इतने गंभीर मामले में ऐसा अति संवेदनशील रवैया घोर लापरवाही की श्रेणी में आता है यदि सही समय में इन्हे इलाज मिलता एवं सही समय में रेफर कर एंबुलेंस की व्यवस्था कर जबलपुर रेफर कर दिया जाता तो शायद उनकी जान बच जाती। ,अतः मांग करते हैं की बिछिया अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर अलका झारिया एवं स्टाफ नर्स डिलीवरी इंचार्ज अनुसुइया मार्को को तत्काल वहां से हटाकर इसकी तीन दिवस के अंदर एक उच्च स्तरीय जांच काराकर उचित कार्यवाही की जाए, कार्यवाही न होने की स्थिति में हमारा संगठन पूरे बिछिया ग्राम वासियों व्यापारियों सबके साथ मिलकर उग्र आंदोलन एवं प्रदर्शन करेंगे , इसकी पूरी जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन सोंपते समय संगठन मंत्री राजेंद्र गुप्ता पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अमित कछवाहा रघुनंदन पांडे चेतन तिवारी संदीप झारिया सुशील गुप्ता फरीद खान एवं अन्य कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# आरोप - स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से प्रसूता महिला सहित नवजात की मौत, हुई शिकायत

### कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज शहपुरा

प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के बिछिया चैकी में एसडीएम शहपुरा के नाम से राजकुमार यादव लिखित शिकायत कर आरोप लगाया है कि बिछिया स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की लापरवाही से उसकी पत्ति सहित नवजात की मौत हो गई।



लिखित शिकायत में उल्लेखित हे कि में अपनी पत्नि पूनम यादव को रविवार दोपहर 12.00 बजे बिछिया स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर नहीं थे स्टाफ नर्स, डिलेवरी इन्चार्ज अनुसुईया माकों ने मरीज का चैकअप किया इसके बाद कोई इलाज नहीं हुआ एवं रात्रि 12.00 बजे एल्गिन हॉस्पिटल जबलपुर रिफर किया गया एवं बोला गया की एंबुलेंस आने में 2 घण्टे लगेंगे तुम प्राइवेट वाहन से ले जाओ, तब हमने निजी वाहन से रात्रि एक बजे जबलपुर के लिये निकलें एल्गिन हॉस्पिटल पहुंचने पर मेडिकल कॉलेज के लिये रिफर किया गया मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर इलाज शुरू हुआ और डिलेवरी में मृत बच्चा को ऑपरेशन से निकाला गया इसके बाद महिला की भी मृत्यु हो गई. इस प्रकार बिछिया स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण मेरी पत्नि और बच्चे दोनों की मृत्यु हो गई। शिकायत पत्र के माध्यम से बिछिया स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों के विरूध्द कार्यवाही की मांग की गई है।

### इनका कहना है

एसडीएम शहपुरा के नाम से प्रेषित शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है गुरूवार को अग्रिम कार्यवाही हेतु शिकायतकर्ता व्दारा दिया गया पत्र एसडीएम शहपुरा को प्रेषित किया जावेगा।

**राजेशधर दुबे**
**चैकी प्रभारी बिछिया**

# पार्षद सुरेंद्र साहू की सराहनीय पहल बुजुर्गों का बनवाया आयुष्मान कार्ड




हरिभूमि न्यूज शहपुरा

शहपुरा नगर में आज दिनांक 6 नवंबर 2024 दिन गुरुवार को वार्ड नंबर 10 में 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड जनप्रतिनिधि पार्षद सुरेंद्र साहू की सराहनीय पहल करते हुए घर-घर पहुंचकर आयुष्मान कार्ड बनवाया गया इस दौरान ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी रोशन रैदास सीएमएचओ आशा कार्यकर्ता एवं नगर के बुजुर्ग भी उपस्थित रहे जिसमें हितग्राही शिवकुमारी साहू हरिलाल साहू सहित बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

## खबर संक्षेप

### राजमार्ग पहुंचे रावतपुरा सरकार



तेंदूखेड़ा गुरुवार को राजमार्ग चौराहे पर संत शिरोमणि रावतपुरा सरकार के मार्गदर्शन में बन रहे शिवधाम की जानकारी लेने के उद्देश्य से अल्प प्रवास पर पधारे।इस मौके पर पूर्व विधायक संजय शर्मा के देवरी स्थित निवास पर भी रुके जहां शिष्य मंडली के द्वारा पूजन अर्चन किया गया। गौरतलब रहे कि राजमार्ग चौराहे पर विशाल शिवधाम के साथ साथ आध्यात्मिक केंद्र अन्य प्रकल्प भी शुरू किये जायेंगे।यह भूमि पूर्व विधायक संजय शर्मा के द्वारा दान की गई है।

### नहीं रहे बाबूलाल उपाध्याय

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों सुन्हेटी क्षेत्र के प्रतिष्ठित वरिष्ठ मानस मर्मज्ञ पं बाबूलाल उपाध्याय का निधन हो जाने पर क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने अपनी अपनी श्रंद्धाजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी। बाबूलाल जी पं रामनारायण नरहरि उपाध्याय के पूज्य पिता एवं जीतेश उपाध्याय के दादा जी थे।

### कलेक्टर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र की कार्यप्रणाली के कारण किसान हमेशा परेशान रहते हैं। केंद्र के अधिकारी कर्मचारियों की मनमर्जी के कारण किसानों को शासन-प्रशासन की योजनाओं का लाभ नही मिलता और इस विभाग में अनियमितताएं व्याप्त हैं। उक्त आरोप लगाते हुए ग्राम सुपला के किसान देवेन्द्र मेहरा ने कलेक्टर को लिखित शिकायत कर बताया कि निशुल्क सोयाबीन वितरण की जांच कराई जाए क्योंकि जून माह में पक्षपात तरीके से बीज का वितरण किया गया था और जिन किसानों ने सोयाबीन की बोवनी नही की उनको भी बीज दिया गया। जबकि पात्र किसानों को वंचित रखा गया। कृषि विज्ञान केन्द्र में पदस्थ डॉ. विशाल मेसराम ने यह पक्षपात कार्यवाही की है शिकायतकर्ता देवेन्द्र मेहरा ने बताया कि डॉ. मेसराम ने अनेक किसानों को बीज देने से वंचित रखा। किसान देवेन्द्र मेहरा ने कलेक्टर से ग्राम सुपला और अन्य स्थानों पर निशुल्क सोयाबीन वितरण के मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

### नरवाई जलाने पर प्रतिबंधात्मक संशोधित आदेश जारी

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** वायुमंडल, पर्यावरण एवं भूमि की क्षति को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक हित में नरसिंहपुर जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में नरवाई जलाने की प्रथा पर तत्काल अंकुश लगाने के लिए जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर श्रीमती शीतला पटले द्वारा पूर्व में जारी आदेश को संशोधन कर नवीन आदेश जारी किया है। पूर्व में जारी आदेश के अनुसार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया था, जिसे संशोधित कर नवीन आदेश जारी किया है। जारी नवीन आदेश के अनुसार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रतिबंधात्मक नवीन आदेश जारी किया है।



### 5 लाख तक का मिलेगा उपचार

# घर घर जाकर बनाये जा रहे वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान जिले में प्रारम्भ हो गया है। वरिष्ठ नागरिकों को प्रतिवर्ष पाँच लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार प्रदान करने की इस योजना के तहत आयुष्मान कार्ड जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज सहित जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में बनाये जा रहे हैं। वरिष्ठ नागरिक एमपी ऑनलाईन कियोस्क पर जाकर अथवा घर बैठे राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के पोर्टल अथवा आयुष्मान एप के माध्यम से भी अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

#### वृद्धों को मिलेगी स्वास्थ्य सुविधा

सत्तर वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड समग्र आई डी और आधार कार्ड के आधार पर बनाये जा रहे हैं। आधार कार्ड में दर्ज आयु को ही इसके लिये मान्य किया जायेगा। पात्र वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत एक नया विशिष्ट कार्ड जारी किया जायेगा। ऐसे नागरिक वरिष्ठ नागरिक जो 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के हैं और जिनके परिवार पहले से ही इस योजना के तहत कवर हैं, उन्हें अपने लिए अतिरिक्त 5 लाख रुपये तक की वार्षिक टॉप-अप कवरेज मिलेगी, जिसे वे अपने परिवार के अन्य सदस्यों (जो 70 वर्ष से कम आयु के है) के साथ साझा नहीं करेंगे। सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु के अन्य सभी वरिष्ठ नागरिकों को पारिवारिक आधार पर 5 लाख रुपये तक की वार्षिक कवरेज मिलेगी।

#### सभी नागरिक होंगे पात्र

जो वरिष्ठ नागरिक 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के हैं और केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस), पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस), आयुष्मान सेंट्रल आई पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) जैसी अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं, वे अपनी मौजूदा योजना या आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में से किसी एक को चुन सकते हैं। उन्हें योजना चयन करने का विकल्प एक बार ही दिया जाएगा। सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु के ऐसे



वरिष्ठ नागरिक जो निजी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं या कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना के अंतर्गत आते हैं, वे भी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र होंगे। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत पात्र वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के पोर्टल एवं आयुष्मान ऐप के माध्यम से किया जायेगा। वरिष्ठ नागरिक स्वयं भी अपना पंजीकरण वेब पोर्टल अथवा आयुष्मान ऐप के माध्यम से कर सकते हैं।

#### प्रशासनिक कर्मचारी दे रहे सेवायें

सरकार द्वारा जिले के सभी वृद्ध नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के लिए निर्देशित किया गया। जिससे वृद्ध नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। जिले के वृद्ध नागरिकों को सरकार की मदद से 5 लाख रुपये तक का निशुल्क उपचार मिल सकेगा। सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को शासन की सभी योजनाओं का लाभ मिले तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो। शासन के निर्देश पर जिले के प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों द्वारा घर घर जाकर वृद्ध नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे है।

## याद किये गये पत्रकार पंडा जी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सार्वजनिक हित को सर्वोपरि मानकर कार्य करना बड़ी बात होती है। आम आदमी की समस्या को अपनी समस्या मानकर चलना यह हर किसी की बस की बात नही है। रिश्ते बनाना और फिर उनको निभाना कठिन होता है। लेकिन जो लोग स्वर्गीय देवेन्द्र शर्मा पंडा जी के व्यक्तित्व और कृतित्व से परिचित थे वे जानते हैं कि पंडाजी में यह सभी खूबियां थीं। यही कारण है कि उनके न रहने पर हर वर्ग दुखी है। उक्त बात गुरूवार को गणेश मंदिर में स्वर्गीय देवेन्द्र शर्मा पंडा के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अनेक लोगों ने कही। इस मौके पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विभिन्न वर्ग के प्रतिनिधियों ने कहा कि पंडाजी पत्रकारिता के



माध्यम से जनसामान्य की लड़ाई लड़ते रहे। वे बेहद मिलनसार और सहज सरल स्वभाव के धनी थे। पंडाजी किसी के व्यक्तिगत जीवन की आलोचना के विरोधी रहे और मुद्दों को लेकर बात करते थे। उक्त मौके पर पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, इंजी. सुनील कोठारी, चै. जोग्रेन्द्र सिंह, जनपद उपाध्यक्ष कंछेदी पटेल, रूप कुमार सोनी, एसके चतुर्वेदी, बुद्धिप्रकाश विश्वकर्मा, देवेन्द्र दुबे, कुंजीलाल यादव, संजय जैन, नीलेश जाट, सुशांत पुरोहित, के अलावा कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने विचार रखे। कार्यक्रम के प्रारंभ में आचार्य कृष्णकांत उदेनिया व आचार्य विनोद मिश्रा ने स्वातीय वाचन कर कार्यक्रम का प्रारंभ कराया। उक्त मौके पर भगवंत सिह जाट, संतोष शुक्ला, नीलू जैन, नारायण महोबिया, अतुल चैरसिया, अनंत पांडे, सौरभ राठौर, बंटी साहू, नीरज ठाकुर, श्रीकांत मिश्रा, अरूण शर्मा, संदीप दुबे, राधे साहू, सपना मेहरा, कौशलेन्द्र जाट, राजीव राणा, अश्विनी शर्मा, गणेश प्रजापति, संजय राय, विपुल ठाकुर के अलावा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी सदस्य मौजूद थे।

## मोक्ष की प्राप्ति जीवन का लक्ष्यः कथा व्यास

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्थानीय गल्ला मंडल के समीप आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस कथा व्यास पंडित अजय शास्त्री द्वारा बताया गया कि जीवन का मुख्य लक्ष्य होता है मोक्ष की प्राप्ति जिसे प्राप्त करने के लिये हम अनेकों कार्य करते है। महाराज श्री द्वारा गजेन्द्र मोक्ष की कथा बताते हुये कहा कि देह को लेकर अभिमान नही करना चाहिये एक बार हाथी का पैर मगर ने पकड़ लिया एवं हाथी मगर से पैर नही छुड़ा पा रहा था तब उसने भगवान को याद



किया और प्रभु कृपा से मगर पैर छोड़कर चला गया। परमात्मा नारायण ने हरि अवतार लेकर के गजेंद्र पर उपकार कर दिया। ब्रह्म तत्व का बोध जिससे हो जाए तो वह साक्षात ब्रह्म स्वरूप ही हो जाता है जो परमात्मा को जान ले वह परमात्मा के ही सदस्य हो जाता है सामर्थ्यवान सद्गुरु हमें जब जागता है ब्रम्ह स्वरूप का बोध कराता है तब अपने वास्तविक घर की याद आती है जन्म मरण ही भाव रोग है भाव रोग के भयंकर भय से मुक्त होने के लिए सबसे सुंदर सरलतम साधन है।

## छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्रत्येक विद्यार्थी को मिलेः कलेक्टर

**फहरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण, जनजातीय कार्य एवं उच्च्च शिक्षा विभाग से जुड़े संस्थानों की संयुक्त समीक्षा बैठक हुई। बैठक में कलेक्टर ने शासकीय एवं अशासकीय कॉलेज के प्राचार्यों से चर्चा की। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुख और संबंधित विभागों के अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी संबंधित उच्च शैक्षणिक संस्थानों एवं विभागों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा प्रदान



की जाने वाली छात्रवृत्ति योजना का लाभ संबंधित वर्ग के प्रत्येक विद्यार्थियों को मिले। उन्होंने कहा कि कॉलेज में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक पात्र विद्यार्थियों का एमपी टॉस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन फार्म अनिवार्य रूप से भरवाया जाये। पिछले वर्ष के लंबित आवेदनों का निराकरण समय- सीमा में किया जाये। कॉलेज स्तर पर अनियमितताओं की जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने संयुक्त विभागीय जाँच दल का गठन कर जाँच करने के निर्देश भी दिए। ऑनलाइन आवेदन भरने में छात्रों को आने वाली तकनीकी समस्याओं के निराकरण के लिए कॉलेज स्तर पर कैंप लगाये जायें। बैठक में सहायक संचालक श्रीमती अंजना त्रिपाठी ने बताया कि सत्र 2023- 24 के लिए पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए नवीनीकरण आवेदन की प्रक्रिया चालू कर दी गई है।

## पूर्व मंत्री श्री पटेल ने जनसुनवाई में सुनी लोगों को समस्या

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने आज गुरुवार में विधायक निवास पर जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जनसुनवाई में बड़ी संख्या में आमजन पहुंचे, जहां विभिन्न समस्याओं को लेकर लोगों ने अपनी गुहार लगाई जालम सिंह पटेल ने हर एक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनी और त्वरित कार्रवाई के



निर्देश दिए एवं श्री पटेल ने संबंधित अधिकारियों से तुरंत संपर्क कर इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने आसवाश्न दिया गया। उक्त जानकारी विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने दी।

## जान जोखिम में डालकर करते हैं मुख्य सड़क पार



**तेंदूखेड़ा-** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग के किनारे स्थित तहसील मुख्यालय तेंदूखेड़ा की अधिकांश शैक्षणिक संस्थायें सड़क की दूसरी तरफ किनारे पर स्थित है।इन शैक्षणिक संस्थाओं की छात्र छात्राएं छोटे छोटे बच्चे प्रतिदिन इस मुख्य सड़क को पार करके ही आना जाना किया करते हैं। मुख्य रुप से शासकीय आई टी आई,सरस्वती शिशु मंदिर,कन्या माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, फिर बालक माध्यमिक और उच्चतर विद्यालय के साथ साथ खेल ग्राउंड, पुलिस थाना, तहसील कार्यालय , शासकीय अस्पताल,तथा श्मशान घाट सहित वार्ड क्रमांक 01, 11के साथ जामनपानी, और भौंरपानी के लोगों का आना जाना यहीं से हुआ करता है। मुख्य बजह यह है कि इस मार्ग पर तहसील मुख्यालय के समीप एक ही ओवर ब्रिज बनाया गया है।जो कि स्कूली बच्चों को आने जाने के लिए काफी दूर पड़ता है। नगर की मुख्य बसीयत सड़क के इस तरफ पड़ती है। अधिकांशतः बच्चे निर्धन वर्ग के पढते हैं। कुछ बच्चे बाहर से भी आया करते हैं। पूर्व मे छात्रों की सुरक्षा की दृष्टि को लेकर यहां पर एक अंडर ब्रिज की और मांग रखी गई थी। एन एच आई के वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत कराया गया था। लेकिन इस दिशा मे कोई उचित कार्यवाही ना होने की स्थिति मे बच्चे जान जोखिम मे डालकर आना जाना किया करते है। इस सड़क पर प्रतिदिन मवेशी असमय काल कल्वित हुआ करते है। लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से किसी भी प्रकार की कोई उचित व्यवस्था ना होना सोचनीय विषय बना हुआ है।

## बगासपुर विद्यालय में स्काउट गाइड स्थापना दिवस पर कैंसर जागरूकता कार्यक्रम




गोटेगांव के समीपवर्ती ग्राम बगासपुर में स्थित शासकीय हाईस्कूल बगासपुर में संकुल स्तरीय बैठक रखी गई। जिसमें सभी संस्था प्रमुखों से छात्रवृत्ति संबंधी चर्चा हुई। तत्पश्चात शाला में छात्रों द्वारा कैंसर जागरूकता रैली पोस्टर और बैनर के साथ निकाली गई। जिसमें प्र.संकुल प्राचार्य रंजीतसिंह पिपरोलिया शिक्षक अभिषेक चौरसिया,घनश्याम चौधरी,आरती लोधी,कु.मंजरी विश्वकर्मा, टीकाराम तिवारी और संकुल केन्द्र शासकीय हाईस्कूल बगासपुर से सभी संस्था प्रमुख एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही। संस्था प्राचार्य एवं अभिषेक चौरसिया द्वारा सभी छात्रों को कैंसर क्या है ? कैसे फैलता है? इससे बचाव कैसे करें ?जानकारी दी गई तथा छात्रों को नशाखोरी से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। वहीं महाकवि कालिदास जयंती समारोह में कालिदास जी के जीवन परिचय पर शिक्षक और विद्यार्थीयों के बीच प्रश्नोत्तर संबाद किया गया जिससे सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया गया।

## गोटेगांव पुलिस को मिली सफलता, 12 मामले में 131 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त



गोटेगांव=मध्यप्रदेश शासन के दिशा निर्देश एवं नरसिंहपुर पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका आदेश पर जिले में मादक पदार्थों।की अवैध विक्रय पर प्रतिबंध लगाने हेतु ताबड़तोड़ कार्यवाहियां की जा रही है इसी आदेश को दृष्टिगत रखते हुए गोटेगांव अनुविभागीय श्रीमति भावना मरावी के विशेष मार्ग दर्शन में तथा नगर निरीक्षक प्रदीप सराफ के सानिध्य में विगत दिवस अवैध शराब विक्रय पर कार्यवाही की गई जिसमें कुल 12 केश बनाकर उनसे कच्ची मदिरा जब्त कर कार्यवाही की गई 10 केश 34=1 के कच्ची शराब,01 केस34=2 के तहत कच्ची शराब 60 लीटर का,1 केस देशी शराब का बनाया गया जिसमें कुल 131 लीटर अवैध मदिरा जब्त कर मामला बनाकर कार्यवाही की गई।तथा आगे भी अवैध शराब एवं नशे के विरुद्ध इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी। इस कार्यवाही में मुख्य भूमिका नगर निरीक्षक प्रदीप सराफ,उप निरीक्षक दिलीप सिंह,उप निरीक्षक गौरव नेमा,उप निरीक्षक ऋषि राज, सहायक उप निरीक्षक जे पी धुर्वे,सहायक उप निरीक्षक सुरेश धुर्वे,प्रधान आरक्षक सागर सोनकर,प्रधान आरक्षक चंद्र प्रकाश पटले,धर्मेंद्र तिवारी,प्रेम शंकर,महिला आरक्षक दिव्यानी राजपूत,आरक्षक प्रशांत,अमित,नितिन, सुमित,सूरज,राकेश,गौरी शंकर सहित स्टाफ की भूमिका रही।

## गोटेगांव का नया बाजार मूलभूत सुविधाओं को तरस रहा

**गोटेगांव** -स्थानीय नगर के साप्ताहिक बाजार के कई दशकों बाद भी अच्छे दिन नहीं आ पा रहे हैं। नगरपालिका बाजार में लगने वालीं दुकानों से कर वसूली तो करती है, लेकिन व्यापारियों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रहीं हैं। वर्तमान समय में बारिश का मौसम होने से साप्ताहिक बाजार प्रांगण में जहां-तहां कीचड़-गंदगी दिख रही है। व्यापारियों को कीचड़ भरे स्थानों पर दुकानें लगाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। वहीं ग्राहकों को कीचड़ से निकलकर खरीदी करने दुकानों तक पहुंचना पड़ता है। बाजार की दुर्दशा से *व्यापारी-नागरिक दोनों परेशान हो रहे हैं*



नगरपालिका को साप्ताहिक बाजार के माध्यम से हर साल लाखों रुपए की आमदनी होती है। इसके बाद भी बाजार प्रांगण को पक्का करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। दुकानों के लिए चबूतरें भी नहीं बनवाए गए हैं। बाजार के अंदर दुकानें लेकर आने वालों को लघुशंका तक की कोई व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण दुकानदारों के साथ बाजार आने वाले ग्रामीणजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं बाजार में दिन भर नशा करने वाले लोगों की बैठक जमी रहती है। बाजार की स्थिति ऐंसी है कि बहुत सी दुकानें सड़क के एक हिस्से में लगतीं हैं। जिसके कारण यहां से कोई भी निकल नहीं पाता है। जो बाजार के खरीददार होते है वही उक्त हिस्से में पहुंच पाते हैं। जबकि रिपटा से लेकर फुहारा चौक तक सड़क एकांगी है। एक हिस्से में दुकान लग जातीं हैं जिससे यहां का आवागमन बंद हो जाता है। ऐंसी स्थिति में एक साइड की सड़क पर आने जाने वालों का सिलसिला रहता है। जिसके कारण जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।नगरपालिका लाखों रुपए प्रति साल बाजार से कर के रूप में वसूलती है। मगर सुविधा के नाम पर यहां पर व्यापारी से लेकर खरीददार तक को कोई सुविधा नहीं है। नगरपालिका उक्त साप्ताहिक बाजार को पूरी तरह से व्यवस्थित बनाने की दिशा में समुचित कदम उठाए ऐंसी मांग नागरिक-व्यापारी कर रहे हैं। जिससे लोगों को राहत मिल सके।